तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025



13 हीरापुर व सिवनी पंचायत में नोडल अधिकारी ने ली बैठक





14 गुड फ्राइडे पर मसीही समाज ने शोभायात्रा निकाली ...






## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेवई डेम इमली झाड के पास दबिश देने पर मकान नंबर 25/2 मैत्री नगर रिसाली निवासी मुकेश मोदी के पास से 13.345 किलो ग्राम गांजा, कार सीजी 07 एमबी 3698 और तिरंगा चौक बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा राज कुमार ठाकुर से 2.172 किलो ग्राम गांजा, स्कुटी सीजी 07 सीजी 4499 (विकलांग वाहन) जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 20(ख) 27(क) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अग्रीम कार्यवाही की जा रही हैं। कार्रवाई में आईपीएस व थाना प्रभारी राहुल बसंल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### शासकीय स्कूल में चोरी

**भिलाई।** स्कूल का ताला तोड़कर अज्ञात ने सामान पार करने के मामला सामने आया है। बोरी पुलिस ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हिर्री प्रधान पाठक डाक्टर वर्षा हरि हरनो ने शिकायत किया है कि स्कूल से अज्ञात ने ताला तोड़कर चोरी किया है। जिसकी कीमत 43 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### काम से लौट रहे युवक को बाइक ने ठोका, मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने बाइक सवार युवकों ने चपेट में लिया। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। शिकायत पर चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामगांव आर पुलिस ने बताया कि ग्राम भनसुली निवासी अजय कुमार ढीमर 13 अप्रैल को अपनी बाइक सीजी 07 एएच 2710 से बीएसपी प्लांट में काम करने गया था। घर भनसुली लौटते समय रात 8. 30 बजे मध्य पौहा नाला मेन रोड के पास पहुंचा था। इस दौरान बाइक सीजी 04 पी जेड 8206 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को चपेट में लिया। घटना में अजय कुमार के सिर समेत शरीर पर गंभीर चोटे आई। जिसे तुरंत उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पाटन ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गौरतलब हो कि शहर में वाहनों के तेज रफ्तार होने के कारण बाइक सवार घटना के चपेट में लगातार आ रहे है। इसे रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस को बड़ी कार्रवाई करनी होगी।

# पोषण पखवाड़ा जारी, निकाली जागरूकता रैली, गर्भवती महिला, किशोरी व बच्चों को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सम्पूर्ण भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के पोषण पखवाड़ा का सातवां चरण अभियान के रूप मे चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना पाटन, परिक्षेत्र गाड़ाडीह के आंगनबाड़ी बाड़ी केंद्र कुम्हली मे पोषण पखवाड़ा शिविर आयोजित किए गए।

8 अप्रैल से 22 अप्रेल तक चलने वाले अभियान मे कुपोषण जागरूकता से संबंधित प्रतिदिन विविध पोषण सुधार कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों, किशोरी बालिकाओं को स्वस्थ एवं संतुलित पोषण आहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रथम दिन सायकिल रैली निकाल कर कुपोषण के विरुद्ध सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वस्थ भोजन को प्रोत्साहित करने के लिए समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों के बीच परिचर्चा रखी गई।

**स्वस्थ रहने के लिए पोषक तत्व युक्त भोजन करे:** महिला बाल विकास पर्यवेक्षक सुनीता पुषाम ने कहा कि पोषित बच्चा ही कल का सशक्त भारत हैं। इसलिए माताएं बच्चों को साफ स्वस्थ पोष्टिक भोजन की आदत डालें और बाजार की फास्ट–फूड से बचें। इन दिनों बच्चों मे मोटापा बढ़ते की समस्या दिखाई दे रही है इससे बचने के लिए हमें ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पौष्टिक भोजन के लिए प्रोत्साहित कर समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों के बीच परिचर्चा हुई





#### स्वास्थ्य केंद्र की बातों पर अमल करे

उपस्वास्थ्य केंद्र कुम्हली के हेल्थ आफिसर रिशु गुप्ता ने माताओं एवं बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य की जैसे – टीकाकरण, एनीमिया से बचने के उपाय, हीमोग्लोबिन, आयरन फोलिक एसिड टेब लेट के बारे जानकारी दी।

## बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने निरीक्षण के लिए पहुंची, जिला अधिकारी नदारद

# बाल विकास के कार्यों में मिली गंभीर त्रुटि मंत्री राजवाड़े ने किया अधिकारी को सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला भाजपा संगठन से मिले फिडबैक के आधार पर जिले मे अचानक पहुंची महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने निरीक्षण मे महिला बाल विकास के कार्यो मे गंभीर त्रुटि पाई।

वही महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी डॉ किशन टंडन क्रांति निरीक्षण के दौरान नदारद मिले, जिसे गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये थे, जिसके आधार पर की गई जांच मे मिली खामियो के आध जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी डॉ किशन टंडन को निलंबित कर दिया गया है। जिला भाजपा ने अध्यक्ष का पद संभालने के बाद से जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने भाजपा की प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की योजनाओ को वास्तविक हकदार तक पहुंचाने एवं हितग्राहियो को लाभान्वित करने के लिए लगातार प्रशासन मे कसावट के लिए सक्रिय है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के द्वारा महिला बाल विकास विभाग मे हितग्राहियो को हो रही परेशानियो को देखते हुए लगातार प्रयास किया जा रहा था, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगातार त्रुटिया की जा रही थी जिससे हितग्राहियो को शासन की योजनाओ का समुचित लाभ मिलने मे बाधा उत्पन्न हो रही थी जिसे देखते हुए जिला अध्यक्ष कड़ा रूख अपनाया हुआ था।

#### खास बातें

- हितग्राहियों की परेशानियों को दूर करने लाई जा रही कसावट की उपेक्षा से उपजी विसंगतियां
- जिला संगठन की अनदेखी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को महंगी पड़ी



#### दो को कारण बताओ नोटिस

वही मंत्री के दौरे के बाद मिली खमियो के आधार पर दो अन्य लोगो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। मंत्री ने बालोद का दौरा अचानक किया। प्रशासन को भी इसकी पूर्व सूचना नही थी, माना जा रहा है कि मंत्री का यह दौरा भाजपा के स्थानीय संगठन द्वारा प्रदेश संगठन व शासन को दिए जा रहे फिडबैक के आधार पर हुआ। माना जा रहा है कि जिले से मिल रहे फिडबैंक की सच्चाई जानने ही मंत्री अचानक जिला मुख्यालय पहुंच गई थी। मंत्री के अचानक दौरे से प्रशासन सकते मे आ गया था। मंत्री की समीक्षा बैठक के दौरान जिला महिला बाल विकास के कार्यक्रम अधिकारी डॉ किशन टंडन क्रांति नदारद थे। इसकी जांच करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव को जांच के आदेश दिये थे। जिसके बाद यह कार्यवाही की गई। औचक निरीक्षण मे पहुंची मंत्री ने जिले के विभिन्न केन्द्रो का निरीक्षण किया इस दौरान मंत्री को लगभग प्रत्येक जगह त्रुटि नजर आई, वे नाराज भी हुई थी।

# जैन संतों पर हमले पर कठोर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

तहसील साहू समाज युवा प्रकोष्ठ अर्जुंदा ने राष्ट्रपति के नाम ग्राम पर कछाला नीमच मध्यप्रदेश मे जैन संतो ऊपर हुए प्राण धातक हमले के विरोध मे असमाजिक तत्वों उपर कठोर कार्यवाही का मांग किया।

मांग करने युवा प्रकोष्ठ संरक्षक उमाशंकर साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक वामन साहू के नेतृत्व मे ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे चुकेश साहू, विनय साहू, पंकज चौधरी, दानेश्वर साहू, हरीश साहू, नीतीश साहू सहित साहू समाज के युवाओं शामिल रहें। ज्ञात हो कि 13 अप्रेल को सिंगोली के पास कछाला गांव मे हनुमान मंदिर मे रात्रि मे विश्राम कर रहें जैन संतो ऊपर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला कर निर्मता पूर्वक मारपीट कि गईं है जिससे पूरा हिन्दू समाज स्तबध है।

ज्ञान रहें संत सर्व विरत त्यागी होते है उनके पास परिग्रह नाम कि क़ोई वस्तु नहीं होती है अहिंसा के प्रतीक समस्त मानव एवं जीवों के कल्याण हेतु जीने वाले जैन संतो के साथ घटना न केवल हिन्दू समाज कि शांति और अहिंसा के विरुद्ध है जिसे साहू समाज ▶▶| शेष पेज 13 पर

# शासकीयकरण का मिला आश्वासन पंचायत सचिवों की हड़ताल समाप्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

आदिवासी बाहुल्य ब्लाक सहित छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों की लंबे समय से चली आ रही हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई है। एक महीने से भी अधिक समय तक अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत पंचायत सचिवों ने अब उप मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मिले सकारात्मक आश्वासन के बाद हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है। इस हड़ताल के चलते राज्य में ग्रामीण विकास कार्य ठप्प हो गए थे, मुख्यमंत्री आवास योजना के अलावा अन्य योजना प्रभावित हो चुके थे आमजन परेशान हो गए थे ,वहीं नव निर्वाचित सरपंच अपने पद का उपयोग नहीं कर पा रहे थे, सरपंच अवश्य बन गए थे परंतु एक सामान्य नागरिक के रूप में थे और भी अन्य दर्जनों समस्याएं आ रही थी सचिव लोगों के हड़ताल होने के कारण ,,, जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब सचिव संघ के इस ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### डिप्टी सीएम के आश्वासन के बाद सचिवों की हड़ताल खत्म

**बालोद।** एक माह से भी अधिक समय से अपनी मांगो को लेकर धरने मे बैठे सचिवो का हड़ताल मंत्री के आश्वासन के बाद खत्म हो गया।



इस दौरान पंचायत सचिवो की मांगो को लेकर प्रदेश पंचायत सचिव संघ का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा हुई जिसमे 4 बिन्दूओ पर सहमति बनी। जिसमे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी द्वारा जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दिया जायेगा। तत्प"चात शासकीय करण किया जावेगा। शासकीयकरण करने से पहले पूर्व मे जारी आदेश मे निर्देशित चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु अलग से मार्गदर्शिका जार की जाएगा। वर्तमान मे 15 वर्श सेवा पूर्ण करने पर हो रहे वेतन सत्यापन विसंगति का सुधार किया जावेगा। आंदोलन अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान की जावेगी के संबंध मे सहमति बनी।

## आवास योजना से छूटे हितग्राहियों को शामिल करने की कवायद

# मोर दुआर-साय सरकार के तहत आवास सर्वेक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेशव्यापी "मोर दुआर–साय सरकार" महाभियान के तहत बालोद जिले के ग्राम रज़ोली, पिनकापार एवं मोंगरी में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने शिरकत की और सर्वेक्षण किया।

उन्होंने सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर हितग्राहियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने की बात अधिकारियों से कही। इस अवसर पर उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और क्षेत्र के समग्र विकास हेतु अपने संकल्प को दोहराया और कहा कि श्मोर दुआर साय सरकार' महा–अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने स्वयं लाभार्थियों से चर्चा करते हुए उनके मकान ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### देवारभाट में मोर दुआर साय सरकार अभियान चलाया



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित कराने 'मोर दुआर, साय सरकार' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर और उपाध्यक्ष तोमन साहू ने हितग्राहियों के घर पहुँचकर सर्वेक्षण का कार्य किया और हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने पे्ररित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही सागर बाई, यमुना बाई और फुलेश्वर बाई का आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी पात्र परिवार सर्वेक्षण से न छुटे। इस कार्य को शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी के अलावा सरपंच, पंच सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### पीडीएस भवन से अवैध कब्जा निगम ने हटाया

**भिलाई**। निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान पंजीयन क्रं. 1973 वार्ड 33 बैकुण्ठधाम में संचालित हो रही थी। शासन द्वारा संचालन के लिए पीडीएस के 2 भवन बनाये गये थे। जिसमें से 1 भवन को स्टील नगर महिला स्वसहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मुल्य दुकान का संचालन किया जा रहा था। प्राप्त शिकायत के अनुसार पीडीएस भवन के बगल में सुरेश विश्वकर्मा द्वारा अवैध कब्जा करके वहां से टेन्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। जोन आयुक्त सतीश यादव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन अपने दल के साथ जब मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे तो शिकायत सही पाया। सामने से पता नहीं चल रहा था, पीछे के रास्ते से व्यापार किया जा रहा था। सुरेश विश्वकर्मा दिव्यांग व्यक्ति निकला, उसके द्वारा जीविकोपार्जन के लिए सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा था। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए उससे 2000 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। वहां पर टेंट हाउस के सामग्री, बॉस बल्ली, फर्नीचर, बर्तन इत्यादि थे, भवन के अंदर से खाली कराया गया। जिसमें उसने स्वीकार किया कि गलती हो गई अब मैं दुबारा शासकीय भवन का उपयोग नहीं करूगां। कार्यवाही के दौरान तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, दिनेश बेलचंदन, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी आदि मौजूद थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

भिलाई। सेल-बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजा राम रामटेके एमटीआर , रीना जॉन एमटीआर (पैथोलॉजी) और स्टाफ नर्स अंशु अनुपमा जोसफ को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चिकित्सकों ने शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा कांगो व डॉ नीली एस कूजूर, वरिष्ठ सलाहकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ आकांक्षा शर्मा, सहायक महाप्रबंधक बी आर ढोके, सहायक प्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं अनुजा सक्सेना, सहायक प्रबंधक एचआर शीबा थॉमस सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा ऐसे कार्मिक जो कार्यस्थल में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग, संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए तकनीकी, प्रक्रियात्मक और अनुशासन का पालन करने में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते है, उनके कार्यो को प्रेरित करने और पहचान देने के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

### ब्लेसन को मिला स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब

**भिलाई**। सीजी पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर में राज्य स्तरीय सीनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में ब्लेसन बॉस्को ने भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब ब्लेसन बॉस्कों को दिया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल एरिया में कार्यरत ब्लेसन बॉस्को ने 93 किलों वजन वर्ग समूह में भाग लिया और स्कॉट में 320 केजी, बेंचप्रेस में 180 केजी, डेड लिफ्ट में 275 केजी कुल 775 केजी वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में सभी ग्रुप के स्वर्ण पदक विजेताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अधिक अंक ब्लेसन बॉस्को को मिला।

# विकास कार्यों का खाका लेकर मेयर सहित एमआईसी सदस्यों ने मंत्री से मांगा फंड

## दर्जनभर से अधिक कार्यों के लिए मांगी राशि, मेयर के साथ एमआईसी मेंबर भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

स्थानीय निकाय के चुनाव में दुर्ग की जनता से लोक लुभावन वादों को पूरा करने निर्वाचित मेयर ने एमआईसी मेंबरों के साथ डिप्टी सीएम व नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर दुर्ग के विकास का रोडमैप सौंपा हैं। मेयर ने दुर्ग शहर के चौदह विकास कार्यो का एंजेडा बनाकर करीब 127 करोड की राशि स्वीकृत करने की मांग मंत्री से की हैं। नगर निगम महापौर अलका बाघमार ने सर्किट हाउस में शहर के विकास के लिए डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर विकास के विभिन्न कार्यो के लिए राशि देने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान महापौर ने बताया कि, शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क अनुरक्षण अंतर्गत डामरीकरण, डब्लू.एम.एम. तथा पेंच रिपेयर कार्यों की अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की मांग पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत दुर्ग शहर के मुख्य मार्गों में सड़क अनुरक्षण अंतर्गत डामरीकरण के 14 कार्यों के लिये प्रस्ताव स्वीकृति हेतु अनुरोध हैं। अधोसंरचना मद अंतर्गत प्रस्ताव के अनुरूप सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति एवं अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग पत्र सौंपा। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, गायत्री वर्मा,रजनीश श्रीवास्तव, संभव जैन सहित अन्य की मौजूदगी रही।

### इन कार्यों के लिए मांगी गई राशि

इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग प्रस्ताव तैयार कर विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग सहित वार्ड 3 व 4 गया नगर, खेल मैदान का विकास व उन्नयन कार्य, वार्ड 18 जवाहर नगर खेल मैदान का विकास उन्नयन कार्य, वार्ड 53 महावीर खेल मैदान पोटिया एवं वार्ड 54 पोटिया दशहरा मैदान स्थित खेल मैदान का विकास उन्नयन कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग की। वहीं जलकार्य विभाग के तहत पेयजल व्यवस्था करने 3 स्थानों पर पानी टंकी निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट में पम्प व पैनल कार्य, पाइप लाइन विस्तर, पानी टैंकर के अलावा नल कनेक्शन शिफ्टिंग कार्य भी शामिल हैं। साथ ही शहर के विभिन्न वार्डो में सड़क डामरीकरण डब्लूएमएम तथा पेज रिपेयर के 31 कार्यो अधोसंरचना मद से स्वीकृति की मांग पत्र सौंपा गया।



**शहर के तालाबों का भी होगा सौंदर्यीकरण:** राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत तालाबो के विकास व सौंदर्यीकरण करने हरणाबाँधा तालाब, शक्ति नगर तालाब, कैलाश नगर तालाब,पोलसाय पारा तालाब, बोरसी शीतला तालाब, बघेरा डोगिया तालाब, पुलगांव तालाब, बाधा तालाब उरला सहित कातुलबोर्ड शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दो स्थानों पर शौचालय निर्माण कार्यो के लिए वार्ड 31 पटेल चौक के पास पिंक टॉयलेट निर्माण के लिए राशि की मांग की है। वहीं वार्ड 30 इदिरा मार्केट में आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य भी शामिल हैं।

## टैक्स वसूली शिविर में करदाताओं की शिकायत से खुल रही पोल, बढ़ रहा गुस्सा

# गड़बड़ीः फोन पे और चेक से टैक्स लेकर स्पैरो ने रिकार्ड में नहीं चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

*पिछले सात साल तक नगरनिगम में टैक्स की वसूली करने वाले स्पैरों कंपनी ने जमकर आर्थिक अनियमितता की हैं। निगम द्वारा लगाए गए शिविर में पीडित पहुंच रहे है। जहां उनके द्वारा स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों को फोन पे और चेक के जरिए भुगतान किए जाने की रसीद दिखाई जा रही है। लेकिन इस राशि को स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों ने रिकार्ड में ही दर्ज नही किया है। रिकार्ड में गडबडी कर लाखों रूपए के आर्थिक अनियमितता किया गया हैं।*

हरिभूमि सरोकार

नगरनिगम द्वारा लगाए गए शिविर में अब तक 26 पीड़ति करदाताओं की शिकायत दर्ज कराई हैं। किसी ने फोनपे, तो किसी ने चेक व ऑनलाइन के माध्यम से स्पैरो कम्पनी को टैक्स जमा किया हैं। करदाताओं के पास बकायदा रसीद भी है। गडबडी की पोल खुलने के बाद भी निगम द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नही की गई हैं। कार्यवाही के बजाय शिविर के जरिए निगम प्रशासन रिकार्ड सेटलमेंट कराने में लगी हैं। निगम में विगत 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक करदाता पीड़तिों के लिए समाधान शिविर लगाया गया है। शिविर नगर निगम कार्यालय परिसर के टैक्स वसूली कक्ष में लगाया गया है। शिविर में निगम के अलावा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी के कर्मचारी भी मौजूद हैं। कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के दौरान जमा कराई गई राशि, जमा कराई गई टैक्स की रसीद लेकर पीड़ति करदाता बड़ी संख्या में पहुच रहें है। विगत तीन दिन के शिविर में 26 करदाताओं से स्पैरो कम्पनी द्वारा टैक्स लेने के बाद भी 1 लाख 76584 रुपये की राशि जांच में पेंडिंग बताया जा रहा, जिसका कोई रिकार्ड दर्ज नही हैं।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2024-25 से नगरनिगम के कर्मचारी टैक्स की वसूली कर रहे हैं। जब राजस्व अधिकारी वार्ड में वसूली करने पहुंच रहे है तो उन्हें करदाता टैक्स भुगतान स्पैरों कंपनी को करने की बात कही जा रही है। जानकारी अनुसार अब तक साठ लाख रूपए की गडबडी मिली हैं।



### सबूत लेकर पहुंच रहे पीड़ित करदाता

इस मामले की कार्यवाही के लिए करदाताओं से रसीद साथ लेकर शिविर में आने की अपील की है। नगर पालिक निगम द्वारा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी की टैक्स वसूली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए शिविर लगाया गया है। इस क्रम में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोने पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बता रहे है।

### इस तरह की आ रही समस्याएं

नगरनिगम के शिविर में निर्णय देवांगन को 16 मार्च 2023 का फोन पे के माध्यम से पैसा दिया गया, लेकिन रिकार्ड दुरूस्त नही हैं। नेमीचंद को 10 जून 2024 पेमेंट ऑनलाइन के माध्यम से दिया गया है। कई प्रकरणों में रसीद भी करदाता लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन स्पैरों कंपनी ने निगम के पंजी पुस्तिका में राशि दर्ज नही की हैं। नेमीचंद को 31 अक्टूबर 2023 पेमेंट आनलाइन के माध्यम से दिया गया है। इन्होने बताया कि, संदीप चन्द्रकर को पैसा देने की बात बताई हैं। कई प्रकरण में रसीद है, लेकिन रिकोड में सो नहीं हो रहा है। अब देखना हैं कि, आगामी 21 अप्रैल तक और कितने शिकायत आएंगे।

### साठ लाख की मिली अब तक गड़बड़ी

जानकारी अनुसार निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि, स्पैरों कंपनी को लेकर अब तक साठ लाख रूपए की गडबडी मिली हैं। विगत दिनों नगरनिगम के सामान्य सभा में एफआईआर दर्ज कराने का प्रस्ताव पास किया गया था। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा ऐसी कोई कार्यवाही नही की गई है। बल्कि शिविर के जरिए पीड़ितों से रसीद मांगी जा रही हैं। बता दे कि स्पैरो कंपनी की निविदा समाप्त हो चुकी है। इसके बाद अनियमितता सामने आ रही है।

# अधिवक्ता से ठगी के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला न्यायलय की वरिष्ठ अधिवक्ता को फर्जी सीबीआई अफसर बनकर 41 लाख रूपए ठगने के मामले में गिरफ्तार गुजरात के आरोपी अशरफ खान पिता महबूब भाई कोढिया की जमानत याचिका प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शेख अशरफ ने खारिज कर दी है।

पुलिस के मुताबिक प्रार्थिया कुमारी फरिहा अमीन को एक वीडियो कॉल आया। जिसमें उसे कहा गया कि, वह दिल्ली सीबीआई ऑफिस से बोल रहे हैं।

एसबीआई बैंक में कुछ खाता धारकों के खाते में 7 करोड रुपए जमा हुए हैं। इसमें एक आपका भी खाता है। आपको तुरंत सीबीआई ऑफिस दिल्ली में उपस्थित होना पड़ेगा। जब पीड़िता परेशान हो गई, तब आरोपियों ने झांसे में लेते हुए उसे अलग-अलग किस्तों में रकम लेना प्रारंभ किया। आरोपियों ने 22 जनवरी से 4 फरवरी के बीच अलग-अलग खातों में पीड़िता से 41 लाख रुपए वसूल कर लिए। इसके बाद फोन को बंद कर दिया था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना दुर्ग कोतवाली द्वारा धारा 318(4), 3(5) बीएनएस 05 फरवरी को अपराध पंजीबध्द किया गया। विवेचना के दौरान धारा 318(4), 317(2), 317(4), 61(2)(ए), 3(5) बीएनएस एवं 66 आईटी एक्ट के अंतर्गत आरोपी अशरफ

- 41 लाख रूपए फर्जी सीबीआई बनकर खाते में कराया था ट्रांसफर

खान पिता महबूब भाई कोढिया को 30 मार्च को निरफ्तार कर दुर्ग न्यायालय में समक्ष 2 अप्रैल को प्रस्तुत किया गया।

आरोपी अभी दुर्ग केन्द्रिय जेल में निरूध्द है। आरोपी ने प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शेख अशरफ की अदालत में जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जमानत आवेदन पर न्यायलय ने विचार करते हुए मामले को बेहद गंभीर प्रकृति का मानते हुए जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। पीडिता अधिवक्ता कुमारी फरिया अमीन कुरैशी की ओर से अधिवक्ता राजकुमार तिवारी ने जमानत आवेदन का तर्क संगत विरोध दर्ज कराया था।

### जी कामेश्वर ने जीता एक रजत व कांस्य पदक

**दुर्ग**। चौथी खेलो मास्टर्स नई दिल्ली में जी. कामेश्वर जिला दुर्ग ने छत्तीसगढ़ की ओर से 400 मीटर की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक एवं 100 मीटर की दौड़ में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक हासिल किया। जी. कामेश्वर वर्तमान में पुलिस विभाग जिला दुर्ग में कार्यरत है, छत्तीसगढ़ ओलंपिक स्टार रह चुके कामेश्वर पूर्व में भी कई नेशनल खेलो में पुलिस खेलों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कई मेडल जीतकर पुलिस विभाग व राज्य को गौरान्वित किया है। इन्होंने इस सफलता का श्रेय पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला एवं उप पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष प्रभारी निर्मल यादव को दिया है।



# स्मार्ट, अल्ट्रासोनिक सेंसर वाहन, ब्लूटूथ कार और दुर्घटना रोकथाम तकनीक पर रोबोटिक्स कार्यशाला

**भिलाई**। स्कूली छात्रों में नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी पर कार्यशाला सामुदायिक सप्ताह आयोजित की गई है। जहां 10वीं व 12वीं के बच्चों ने विज्ञान के अनोखे प्रयोगों पर आधारित अनेकों नवाचारी प्रोजेक्ट्स और तकनीकों को समझ सकेंगे।



प्रदर्शनी दौरान विभिन्न रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन करते हुए बाधा से बचने वाली स्मार्ट गाड़ी, अल्ट्रासोनिक सेंसर के वाहन, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, ब्लूटूथ नियंत्रित कार, इशारे से संचालित वाहन और ड्राइवरों के लिए दुर्घटना रोकथाम तकनीकों को विस्तार से बताया गया। साथ ही वक्ताओं ने स्व-प्रेरित उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एटीएल द्वारा \₹सामुदायिक सप्ताह\₹ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 की प्राचार्या सुमिता सरकार एवं एटीएल प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू के नेतृत्व में पांच छात्रों की टीम द्वारा भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के छात्र-छात्राओं के लिए एक रोबोटिक्स प्रदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई।

### नवाचार को विकसित करने किया प्रोत्साहित

वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू ने विभिन्न परियोजनाओं का संक्षिप्त तकनीकी विवरण प्रस्तुत किया। साथा ही उपस्थित छात्रों को अपने रचनात्मक विचारों एवं नवाचार को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से स्व-प्रेरित उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्र-छात्राओं को अपनी अंतर्निहित प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का सशक्त अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने आयोजन के लिए सेक्टर-10 स्कूल की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शहर भीषण जलसंकट से जूझ रहाः वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भीषण गर्मी और नियमित जलापूर्ति बाधित होने के चलते दुर्ग शहर के अनेक क्षेत्रों में जलसंकट गहराता जा रहा है। नगर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकों की सफाई और पंपिंग स्टेशन के रखरखाव के नाम पर जलापूर्ति बंद की गई है। जिससे शहर के दर्जनों वार्डों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। नागरिकों को टैंकरों के भरोसे रहना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि, सरकार की नाकामी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। पानी की अनुपलब्धता के कारण नागरिकों को सुबह से ही बाल्टियाँ लेकर पंक्ति में लगना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में कई दिनों से पानी नहीं आया है, और जहाँ आ भी रहा है, वहाँ बहुत कम दबाव से परेशानी है। इस संकट की वजह को लेकर वोरा ने कहा कि गर्मी के मौसम की शुरुआत से पहले जलसंकट से निपटने के लिए कोई तैयारी क्यों नहीं की गई। पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद पप्पू श्रीवास्तव, कन्या धीमर, लोकेश चक्रधारी और अजीत कुटेल ने प्रभावित वार्ड का निरिक्षण भी किया। शहर के वार्ड 24 से लेकर वार्ड 57 तक के दर्जनों क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

- पूर्व विधायक अरुण वोरा ने चेताया, शहर को पानी दो, नहीं तो उग्र आंदोलन



## पीएम आवास योजना के अंतर्गत किया सर्वेक्षण मोर आवास मोर अधिकार

# छूटे हुए परिवार को आवास देने पखवाड़े में जुड़ेगा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छुटे हुए परिवार का नाम जोड़ा जाएगा। आगामी तीस अप्रैल तक चलने वाले शिविर में ऐसे हितग्राहियों के नाम एप के जरिए जोडा जा रहा हैं। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत सर्वेक्षण पखवाड़ा ग्राम पंचायत कातरो जनपद पंचायत दुर्ग में आयोजित किया गया।

पखवाड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने मोर दुआर-साय सरकार आवास प्लस 2.0 ऐप से सर्वे में जोड़ा गया। सांकेतिक रूप से परिवारों का सर्वेक्षण कर ऐप के माध्यम से नाम जोड़ा गया। सांसद विजय बघेल ने बताया कि, जिले में मोर दुआर-साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवारों 30 अप्रैल तक जुड़वा सकते हैं।



### सचिव हड़ताल पर सर्वे का कार्य ठप

जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वे सचिव, रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। लेकिन पिछले महिनेभर से प्रदेशभर के सचिव हडताल पर है। ऐसे में पीएम आवास का सर्वे कार्य ठप हैं। यही कारण हैं कि प्रशासन आवास सॉफ्ट पोर्टल माध्यम से हितग्राहियों को सर्वे करने प्रेरित कर रही हैं।

### हितग्राही भी कर सकते हैं सर्वे

आवास प्लस 2.0 ऐप से हितग्राही भी एप के माध्यम से सर्वे कर सकते हैं। वही ग्राम पंचायत कातरों जनपद पंचायत दुर्ग में आवास सर्वे पखवाडा का शुभारंभ किया गया। हितग्राही अमरिका, रभा साहू, निर्मला, कुर्ती साहू, कुलन्द्री, खिलेश्वरी देवांगन, प्रेमलाल का एप्प के माध्यम से आवास सर्वे में जोड़ा गया एवं सांकेतिक रूप से परिवार का सर्वेक्षण किया गया। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने बताया कि, राज्य में ऐसे ग्रामीण परिवारों की पहचान की जा रही है, जो पूर्व की स्थायी प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची में किसी कारणवश छूट गए थे। इन छूटे हुए पात्र परिवारों को योजनांतर्गत लाभ देने हेतु व्यापक सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।

# एनडीआरएफ ने आपदा से राहत व बचाव का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एनडीआरएफ के द्वारा आपदा से निपटने को लेकर लोगों को सभागार में गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मौके पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू अधिकारी, कर्मचारी मौजूद उपस्थिति थे। नगर निगम सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीआरएफ कटक ओडिशा की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए प्रखंड और अंचल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिसका नेतृत्व एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर विकास शर्मा एवं उनके टीम कर रहे थे। इस दौरान प्रखंड और अंचल कर्मियों को विभिन्न प्रकार के राहत कार्य की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी दी।

**खबर संक्षेप**



## जीपीएल ट्राफी में जय हिंद का कब्जा

**भिलाई।** क्रिकेट क्लब गनियारी के द्वारा आयोजित जीपीएल ट्रॉफी गनियारी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान समापन में जीपीएस ट्रॉफी में प्रेम लाल साहू की कप्तानी वाली टीम जय हिंद इलेवन ने अखिलेश साहू की कप्तानी वाली टीम चेस इलेवन को रोमांचक मुकाबले में हरा कर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रेम लाल साहू की कप्तानी वाली जय हिंद इलेवन, अखिलेश साहू की कप्तानी वाली चेस इलेवन, चिंता राम ठाकुर की कप्तानी वाली वीर नारायण सिंह इलेवन, निर्मल कोसरे की कप्तानी वाली सी जी मास्टर इलेवन, भीखम साहू की कप्तानी वाली वंदे भारत इलेवन, मंगलू ढीमर की कप्तानी वाली पार्थ इलेवन, और राजेश बघेल की कप्तानी वाली शिवाजी इलेवन टीम तैयार कर लीग पद्धति से मैच खेला गया। शहीद वीर नारायण सिंह इलेवन और सीजी मास्टर इलेवन आठ-आठ अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थी। 6-6 अंकों के साथ जय हिंद, चेस इलेवन, पार्थ इलेवन की टीम थी। तीनों टीम का लाट निकला गया जिसमें चेस इलेवन लाट पद्धति से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जबकि जय हिंद इलेवन ने पार्थ इलेवन को हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची। जय हिंद इलेवन व चेस इलेवन ने अपने प्रतद्विंदी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## सामूहिक विवाह, जात्र अनुष्ठान के लिए दी वित्तीय सहायता

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, अपने निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को बीएसपी के रावघाट लौह अयस्क खदान द्वारा रावघाट लौह अयस्क परियोजना के तहत मुख्य महाप्रबंधक रावघाट अरूण कुमार और महाप्रबंधक रावघाटअनुपम बिष्ट के प्रयासों से खड़कागांव एवं बिंजली ग्राम को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। ग्राम बिजली की सरपंच गमिता कुमेटी को 50,000 रूपए तथा खड़कागांव की सरपंच जुनाय सलाम को ग्राम में जात्र अनुष्ठान के आयोजन के लिए 50,000 रूपए का चेक सहायक महाप्रबंधक रावघाट डीएन रस्तोगी द्वारा सौंपा गया।

## छायाचित्रों की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विनय शर्मा द्वारा खींचे गए छायाचित्रों की एकल प्रदर्शनी 'दृष्टिकोणः कैमरे की नज़रों से' का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक एके जोशी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर महाप्रबंधक सम्पर्क, प्रशासन एवं जनसम्पर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक जनसम्पर्क प्रशान्त तिवारी, महासचिव परविंदर सिंह, तुषार सहित संयंत्र के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**अभियान :** वंचित हितग्राहियों को आवास दिलाने के लिए कवायद जारी

# आवास प्लस के लिए सर्वे जारी पात्र हितग्राही होंगे लाभान्वित







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राज्य सरकार की मोर आवास मोर अधिकार योजना अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की मूल सूची एवं आवास प्लस में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने भाजपा संगठन की सक्रियता बढ़ने ने गांवों में हर्ष की लहर व्याप्त होने लगी है। जिला भाजपा संगठन के निर्देश पर पंचायतों में नियुक्त प्रभारीगण अपने–अपने क्षेत्रें में घर–घर जाकर पात्र हितग्राहियों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ–साथ आवश्यक सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं।ग्राम पंचायत जामगांव आर में युवा उपसरपंच एवं भाजपा बूथ अध्यक्ष मुकेश साहू ने इस अभियान को बड़ी गंभीरता के साथ लेते हुए मोर दुआर, साय सरकार की भावना के अनुरूप ग्रामीणों को उनका हक दिलाने की दिशा में पूर्णतः सक्रिय भूमिका निभा रहे है, ग्रामीणजन उपसरपंच मुकेश साहू की, इस पहल की कंठ मुक्त सराहना कर रहे है।

### पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलेगा

उपसरपंच मुकेश साहू ने कहा कि शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ पात्र ग्रामीणों को बड़ी सरलता से मिले यह छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार की सोच है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रक्रियाओं से गुजरने में कठिनाई महसूस करते है इसलिए छत्तीसगढ़ की भाजपा विष्णुदेव साय सरकार ने घर घर जाकर योजना का लाभ दिलाने मोर द्वार साय सरकार की योजना चला रही है जिसके तहत साय सरकार की प्रतिनिधि के रूप में भाजपा बूथ अध्यक्ष प्रतिनिधि घर घर द्वार द्वार पहुंच रहे है जिससे लोगों का चेहरा कमल की तरह खिल उठा है कि सरकार हमारे द्वार आकर हमारी समस्या की खबर ले रही है लाभान्वित करने का सीधा स्वयंमेव पहल कर रही है।

# शादी के सीजन में भी सराफ करोबार व ग्राहकी कमजोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

वैवाहिक सीजन के चरम पर होने के बावजूद इस वर्ष सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे उपभोक्ता असमंजस की स्थिति में हैं। जहां बीते कुछ हफ्तों तक सोने के दाम लगातार ऊंचाई छू रहे थे, वहीं हाल ही में इसमें अचानक गिरावट दर्ज की गई है। इस अप्रत्याशित गिरावट ने ग्राहकों को असमंजस में डाल दिया है और उनकी खरीदारी की योजना पर भी असर डाला है।

स्थानीय ज्वेलर्स व्यापारी ओम जैन, संदीप गोगड़ (पायल ज्वेलर्स) बताते हैं कि आमतौर पर अप्रैल-मई का समय शादी-ब्याह के चलते ज्वेलरी कारोबार के लिए बेहद फायदेमंद होता है। परंतु इस बार, भले ही शादियों की संख्या अधिक है, लेकिन बाजार में ग्राहकों की संख्या कम नजर आ रही है। इसके पीछे एक बड़ा कारण सोने-चांदी की दरों में अस्थिरता को माना जा रहा है। आम जैन मधुबन ज्वेलर्स का कहना है कि ग्राहक यह सोचकर रुक रहे हैं कि शायद दाम और गिरेंगे, वहीं कुछ ग्राहक यह सोचकर चिंतित हैं कि फिर से दाम बढ़ न जाएं। इस अस्थिरता के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं दल्लीराजहरा के ज्वेलर्स व्यापारियों को उम्मीद है कि यदि दरें स्थिर होती हैं तो ग्राहकों का विश्वास फिर से लौटेगा और दल्लीराजहरा बाजार में रौनक आएगी।

# महिलाओं को गोदना हस्त शिल्प का प्रशिक्षण मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर





ग्राम पंचायत राहुद में छग. शासन हस्त शिल्प विकास बोर्ड के तत्वधान में महिलाओं को तीन माह की गोदना हस्त शिल्प प्रशिक्षण दिया गया, समापन समारोह के अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, हस्त शिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक रामधन खूंटे, उपसरपंच मोहन लाल भारती, जन कल्याण समिति के सचिव घना राम साहू, पूर्व सरपंच यमुना बांधे थे।

थानसिंह मंडावी ने बताया कि छग. शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए महिलाओं को गोदना आर्ट प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के दौरान मानदेय के रूप में प्रतिदिन पचास रुपए दिया गया एवं साथ में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

प्रशिक्षण अधिकारी कलावती पावले ने बताया कि प्रशिक्षण में बेड शीड, साड़ी, पिलो कवर, स्कार्फ, एवं घर के दीवालो में कशीदा कारी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रबंधक खूंटे ने बताया कि हाथों से या सरल औजारों की मदद से बनाई जाने वालीं कलात्मक वस्तुओं को हस्त शिल्प कहते हैं, ये वस्तुओं उपयोग होने के साथ साथ सजावट के काम भी आते हैं।

इस अवसर पर दीपक कुमार साहू, परमानन्द टंडन, धनेश्वरी साहू, शरद साहू, नितेश तराने, मेनका, रीना, वसी साहू, दामिनी, पदमा साहू, हिमेश साहू, नूतन साहू, नीता साहू, लुकेश्वरी यादव, तेजेश्वरी, लोकेश्वरी, नंदनी बंजारे, टिकेश्वरी, आकांक्षा साहू, हीना ढिमरी, डुमेश्वरी साहू, हिमांशी, उर्वशी यमुना बांधे, परस राम साहू उपस्थित थे।

## हीरापुर व सिवनी पंचायत में नोडल अधिकारी ने ली बैठक ...



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हीरापुर और सिवनी में जिला नोडल अधिकारी अनुराग त्रिवेदी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला नोडल अधिकारी अनुराग त्रिवेदी ग्रामीणों की सार्वजनिक समस्याओं से अवगत हुए। बैठक में ग्राम पंचायत सिवनी में ग्रामीणों ने सार्वजनिक समस्याओं की जानकारी दी। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के ग्रामीणों ने स्कूल में सीसी टीवी कैमरा लगाने, स्कूल में सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हीरापुर में ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक 8 में सोलर लाइट लगाने, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में बाउंड्री वॉल में प्लास्टर का कार्य कराने की मांग की गई।

## आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा में जागृति शिविर में कराया अन्न प्राशन

**भिलाई।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 गांधी नगर भिलाई-3 में 17 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा के तहत जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। वहीं गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषण को लेकर जागरुक किया गया। कार्यक्रम में एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना भिलाई-2 की परियोजना अधिकारी नीलम राय चौधरी तथा पर्यवेक्षक तृप्ति शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। परियोजना अधिकारी नीलम राय चौधरी ने महिला जागृति शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को व्यवहार, पोषण और एक हजार दिवस के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में गोदभराई के साथ गर्भवती माताओं को गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल एवं पोषण के महत्व को बताया गया। 6 माह पूर्ण किए बच्चे रोहित कुमार का अन्नप्रासन कराते हुए यह सन्देश दिया किया गया कि बच्चों को सही समय में ऊपरी आहार देना शुरू कर कुपोषण से बचाया जा सकता है।

# बेलोदी विद्यालय की स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित, बेटियों ने बाजी मारी









हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

शास उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलोदी के कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 16 अप्रैल को जारी किया गया वर्ष 2025 में कक्षा 9 वीं परीक्षा परिणाम 53 प्रतिशत तथा कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा कक्षा 9वीं में कुल 109 छात्रउपस्थित हुए जिसमें 58 छात्र उत्तीर्ण 19 छात्र अनुत्तीर्ण तथा 32 छात्र पूरक के पात्र रहें उत्तीर्ण छात्रों में 24 छात्र प्रथम श्रेणी 9 छात्र द्वितीय श्रेणी तथा 25 छात्र कृपोत्तीर्ण से उत्तीर्ण हुए कक्षा 9 वीं में कु हितेश्वरी साहू पिता देवकरण साहू 94 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान कु कोमेश्वरी साहू पिता कामता प्रसाद 91.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा कु चेतना साहू पिता इंद्रजीत साहू 87 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही इसी प्रकार कक्षा 11वीं में कुल 66 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए जिसमें 41 छात्र उत्तीर्ण 7 छात्र अनुत्तीर्ण एवं 18 छात्र पूरक के पात्र रहें जिसमें 23 छात्र प्रथम श्रेणी 8 छात्र द्वितीय श्रेणी तथा 10 छात्र कृपोत्तीर्ण से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 11वीं में कु मेघा पिता अमरलाल 89 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान पर रही कु लक्ष्मी पिता थम्मन लाल 75 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा कु वर्षा पिता डोमन लाल 74 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू द्वारा कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की तथा अनुत्तीर्ण एवं पूरक के पात्र छात्र छात्राओं को भी निराश नही होते हुए कठिन मेहनत करते हुए आगे की कक्षा में प्रोन्नत होने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर शाला के व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू कु ज्योति सोनी प्रीति गणवीर प्रीति मंडावी बी लहरे गीता वर्मा प्रज्ञा तिवारी कैलाश कुमार साहू तथा विज्ञानं सहायक ईश्वरी साहू प्रीति साहू तथा शाला के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे सभी शिक्षक स्टाफ द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की लिए उपरोक्त जानकारी शाला के परीक्षा प्रभारी व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने दी।

# साहू संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जिला साहू संघ के अध्यक्ष सोमन साहू तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के अध्यक्ष डां मानसिंह सार्वा व पदाधिकारियो ने गुरुवार को बालोद पहुंचकर जिला कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने गुण्डरदेही आने निमंत्रण दिया। गुण्डरदेही तहसील पदाधिकारियो ने बताया कि गुण्डरदेही तहसील स्तरीय निःशुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ 1 मई से प्रारंभ होगा। जिसका शुभारंभ कलेक्टर के हाथो होगा और उन्हे गुण्डरदेही आने निमंत्रण दिया। जिस पर कलेक्टर ने निःशुल्क कोचिंग की सराहना करते हुए सहर्ष शामिल होने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष सोमन साहू, तहसील अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा, तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, सचिव राजेंद्र कुमार साहू, सहसचिव किशन लाल साहू, ब्लॉक समन्वयक गुण्डरदेही किशोर कुमार साहू उपस्थित थे। तहसील अध्यक्ष सार्वा ने बताया कि गुण्डरदेही साहू सदन मे निःशुल्क कोचिंग क्लास के लिए पंजीयन जारी है, सभी शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों शीघ्र सीमित सीट के लिए पंजीयन करा लेवें।

## पोषण पखवाड़ा जारी, निकाली ....

जंक फूड और हाइडोजीनिकृत तेल से बने खाद्य सामग्री का बिल्कुल सेवन नहीं करना चाहिए। **बच्चो को जंक फूड से बचाएः** परिचर्चा मे शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक प्रभा सिंह ने भी कुपोषण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि स्कूलों मे बच्चों आजकल सहज रूप मे उपलब्ध जंक फूड नहीं खाने की हिदायत दी जाती और मोटापा कम करने के लिए शारीरिक गतिविधियां जैसे योग, व्यायाम, छोटे छोटे घरेलू कार्यों को स्वयं करने सीख दी जाती है। स्कूलों के 200 मीटर तक कैंटीन जंक फूड बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। **1000 दिन का सजगता पूर्वक महत्व समझेंः** कुपोषण पखवाड़ा शिविर मे 1000 दिन के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू ने बताया कि 270 दिन गर्भस्थ शिशु, के एवं 365, 365 दिन अर्थात दो वर्ष यह समय बच्चों के शारीरिक, मानसिक के लिए अत्यंत संवेदनशील समय यह बच्चों के दीर्घकालिक अच्छे स्वास्थ्य के नींव है माताओं एक बच्चों को पूर्ण संतुलित पोषण आहार मिलना चाहिए। शिविर मे गोद भराई, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता और अन्नप्राशन संस्कार भी किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के पोषण युक्त सब्जियां, दाल, सोयाबीन बड़ी, मुनगा, पालक, चौलाई, बथुआ भाजी, फलों को एकत्रित कर समुदाय को इनकी पौष्टिकता और शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास की क्षमता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सरपंच उपसरपंच पंचगण पहुंचेः पोषण पखवाड़ा मे प्रतिदिन हितग्राही माताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कुली बच्चों और शिक्षकों को अभियान से जोड़कर स्वस्थ भारत, स्वस्थ छत्तीसगढ़, स्वस्थ समाज की अवधारणा को सफल बनाने की ईमानदार परिकल्पना की पहल है। इस कार्यक्रम मे सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय कुमार साहू, पंच गण खिलावन साहू, धनेश्वर साहू, मेहतर यादव, मोगन सपहा, मोनिका साहू, पोराबाई, अनुराधा, परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम, अहिल्या संतोषी, गाडाडीह तेजकुमारी कांति, सरोजिनी, कानाकोट रुबी, गुढियारी राधा शीला, गीता, आमालोरी फूलू, बेदमती, केरवा, कल्पना, लता, बेलौदी तारिणी, पूर्णा, भैंसबोड प्रेमलता, जमूना, शशि, कुम्हली नेमेश्वरी, पौहा माहेश्वरी परमीला की विशेष उपस्थिति रही।

पेज 11 के शेष

## जैन संतों पर हमले ...

कठोर निंदा करती है। उक्त घटना को संज्ञान मे लेते हुए इस घटना से जुड़े अपराधियों ऊपर कठोर कार्यवाही जाये ताकि भविष्य मे इस प्रकार घटना कि पुनर्विति न हो साथ ही मांग करते है राष्ट्र कि धरोहर संतो के विहार के समय स्थानीय प्रशासन द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये।

## शासकीयकरण का मिला ...

फैसले से विकास कार्यों को रफ्तार मिलने की उम्मीद है। विकासखंड पंचायत सचिव संघ के प्रतिनिधियों ने मीडिया को बताया कि मंत्री विजय शर्मा से हुई अहम बैठक में उन्हें भरोसा दिया गया कि सचिवों की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उचित समाधान निकाला जाएगा। इसी आश्वासन के आधार पर सचिव संघ ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। यह फैसला न सिर्फ सचिव वर्ग के लिए एक बड़ी राहत है, बल्कि पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास की गति को दोबारा पटरी पर लाने की दिशा में एक अहम कदम भी है।

## मोर दुआर-साय सरकार ...

की स्थिति जानी और नवनिर्मित घरों को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामवासियों से सीधा संवाद करते हुए यह भी कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी परिवार बिना पक्के मकान के न रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के माध्यम से जो भी पात्र परिवार सामने आएंगे, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र योजना में सम्मिलित किया जाएगा। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ महेंद्र कुमार जांगड़े जी प्रधानमंत्री आवास योजना की ब्लॉक समन्वयक नीलम चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित अधिकारी कर्मचारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बाबा साहेब के बताए गए मार्गों पर चलना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि

**भिलाई।** पंचशील नगर खुर्सीपार बुद्ध विहार में नवयुवक संगठन कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ बी आर अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर युवाओं द्वारा रैली निकाली गई। रैली प्रस्थान के पूर्व छावनी थाने के पुलिस कर्मी भी भगवान गौतम बुद्ध और बाबा साहेब को नमन किया। अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ बी आर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। युवाओं द्वारा केक काट कर रंगारंग आतिशबाजी की गई। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। सभी बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। शाम के सत्र में सभी बच्चों को विहार के अध्यक्ष के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सिम के नाम पर ठगी

**भिलाई।** सिम कार्ड के लिए आधार और बायोमैट3कि के नाम पर फर्जीवाडा करने वाली युवती के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। युवती पर पुलिस ने धारा 419,420 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी गोट्टेमुक्खला रवि ने सेक्टर 6, सड़क 55 रोड़ के किनारे छतरी लगा कर सिम बेचने वाली युवती के पास सिम खरीदने गया। युवती का नाम निशा शेण्डे बताया गया है। युवती ने आधार कार्ड ,लाईफ फोटो बायोमेट्रिक लेकर सिम पीड़ित के बिना जानकारी के अन्य को बेच दिया। घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम हुई।

### युवक की मिली लाश जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** एक युवक की लाश निगम भिलाई मुख्यालय के पीछे मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर जांच में लिया है। मौके पर फरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची थी। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि निगम मुख्यालय भवन के पीछे युवक की लाश पड़ी मिली। पुलिस ने सब्जी मंडी के व्यापारियों से शिनाख्त कराया गया तो युवक की पहचान पहचान राम नगर निवासी महेन्द्र कश्यप के रुप में हुई है। महेंद्र सुपेला सब्जी मंडी में ही हमाली का काम करता था। वो तीन भाइयों में तीसरे नंबर का भाई था। मृतक काफी नशा करता था। सुपेला पुलिस ने भी अपनी शुरुआती जांच में मौत का कारण अधिक नशा होना बताया है। लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण का पता चल पाएगा।

### पोटिया के लोगों ने निगम में बाल्टी लेकर किया प्रदर्शन



**दुर्ग।** वार्ड 41 में पिछले लंबे समय से पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हैं। शिकायत के बाद भी सुनवाई नही होने से गुरूवार को वार्डवासियों को गुस्सा फूट गया। वार्डवासी नगरनिगम के दफ्तर के सामने पूरे परिवार के साथ बाल्टी लेकर पहुंच गए। सैकडों की संख्या में वार्डवासियों के देख प्रशासनिक खलबली मची रही। बाल्टी लेकर वार्डवासियों ने जमकर नारेबाजी भी की, अफसरों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन शांत हुआ।
पोटियाकला वार्ड स्थित निगम के पीएम आवास में रहने वाले सैकडों वार्डवासी पेयजल की समस्या से परेशान थे। वार्डवासियों ने बताया कि, उन्होने अफसरों से लिखित शिकायत भी की थी। पीएम आवासों में रहने वाले नागरिकों, महिलाओं ने बच्चों के साथ पहुंचे पीडितों ने बताया कि, कई बार जानकारी देने के बावजूद जलसंकट का समाधान नहीं किया जा रहा है। पोटिया रोड के किनारे बने पीएम आवासों में करीब 65 परिवार निवास करते हैं। यहां नई पाइपलाइन बिछाकर पानी सप्लाई शुरू नहीं की जा रही है। गर्मी के मौसम में यहां के नागरिकों को ठेकेदार द्वारा खोदे गए बोरिंग से बमुश्किल एक दो बाल्टी पानी ही मिल पाता है।

# नियमों की उड़ रही धज्जियां, नेताओं की गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

शहर में कानून व्यवस्था और ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देश और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों में नेताओं की गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। दल्लीराजहरा शहर के मुख्य मार्गों पर ये गाड़ियाँ बेधड़क दौड़ रही हैं, और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं।

### सामान्य जनता में असंतोष

इस मुद्दे को लेकर दल्लीराजहरा शहर की जनता में गहरा असंतोष है। रूपेश कुमार, जनक ओटी, उपेंद्र कुमार साहू,प्रकाश कुमार,,गणेश ,सुधीर कुमार नागरिकों का कहना है कि नियम सबके लिए समान होने चाहिए। अगर आम जनता पर सख्ती की जाती है, तो राजनीतिक श्रमिक सामाजिक नेताओं पर क्यों नहीं? यह दोहरी नीति लोकतंत्र और कानून के सिद्धांतों के खिलाफ है। **आरटीआई और जनहित याचिका की तैयारी:** सूत्रों के अनुसार, कुछ सामाजिक कार्यकर्ता इस मामले में RTI दाखिल करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें यह पूछा जाएगा कि अब तक कितनी गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म के लिए कार्रवाई की गई है और नेताओं की गाड़ियों को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं रहा, तो जनहित याचिका (PIL) दायर की जा सकती है। **जनता की मांग - हो निष्पक्ष कार्रवाई:** दल्लीराजहरा जनता की मांग है कि प्रशासन बिना किसी दबाव और भेदभाव के नियमों को लागू करे। नेताओं की गाड़ियों पर भी उतनी ही सख्ती से कार्रवाई हो, जितनी आम नागरिकों पर होती है। यदि ऐसा नहीं होता, तो यह लोकतंत्र और कानून की मूल भावना के साथ अन्याय होगा।

## स्थानीय प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की चुप्पी ने कई सवाल

### क्या कहते हैं कानून विशेषज्ञ

सी के गर्ग वरिष्ठ अधिवक्ता कानून विशेषज्ञ का कहना है कि यह न केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना है बल्कि मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 100 और 177 के तहत दंडनीय अपराध भी है। ऐसे मामलों में गाड़ी मालिक पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ गाड़ी का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है।




**सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश, फिर भी खुला उल्लंघन :** सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में एक ऐतिहासिक फैसले में सभी प्रकार की गाड़ियों में काली फिल्म (ब्लैक फिल्म) लगाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया था। अदालत ने यह फैसला देश की सुरक्षा और महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर लिया था। बावजूद इसके, दल्लीराजहरा में राजनीतिक श्रमिक सामाजिक नेताओं की गाड़ियाँ इस आदेश की सरेआम अवहेलना कर रही हैं।

### दल्लीराजहरा प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्थानीय प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसे राजनीतिक श्रमिक सामाजिक नेताओं के प्रभाव के आगे पूरा सिस्टम नतमस्तक हो गया है। जब आम नागरिक की गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म पाए जाने पर चालान और कार्रवाई की जाती है, तो राजनीतिक श्रमिक सामाजिक नेताओं की गाड़ियों को विशेष छूट क्यों ?

## हाथों में क्रॉस, मोमबत्तियां और धार्मिक झंडे लेकर प्रभु यीशु के त्याग और प्रेम का संदेश दिया

# गुड फ्राइडे पर मसीही समाज ने शोभायात्रा निकाली व यीशु के बलिदान को याद किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

गुड फ्राइडे के अवसर पर दल्लीराजहरा शहर में आध्यात्मिक और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। ईसा मसीह के बलिदान को स्मरण करते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर सामाजिक और धार्मिक जनों ने सफेद वेशभूषा में एक शांतिपूर्ण शोभायात्रा निकाली।

- ईसाई गुड फ्राइडे पर प्रायश्चित के लिए उपवास या नॉनवेज से परहेज भी करते हैं

इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में क्रॉस, मोमबत्तियाँ और धार्मिक झंडे लेकर प्रभु यीशु के त्याग और प्रेम का संदेश फैलाया। वहीं, यात्रा के दौरान डीजे की मधुर धार्मिक धुनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में विभिन्न चर्चों के पादरी और सामाजिक संगठन भी शामिल हुए। उन्होंने गुड फ्राइडे के महत्व को बताया और कहा कि यह दिन हमें करुणा, क्षमा और सेवा का संदेश देता है। दल्लीराजहरा स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, और पूरे मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती रही ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। धर्म के लोगों के लिए गुड फ्राइडे काफी अहम होता है। इस साल यह दिन 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है। हालांकि, यह दिन अपने नाम के विपरीत शोक मनाने का है। इसी दिन ईसा मसीह ने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण त्यागे थे। उनके इस बलिदान की याद में ही हर साल गुड फ्राइडे मनाया जाता है। इस साल 18 अप्रैल को यह दिन मनाया जाएगा। यह ईसाइयों के लिए एक पवित्र दिन माना गया है,



### क्यों मनाया जाता है गुड फ्राइडे?

गुड फ्राइडे ईसाई धर्म मानने वालों के लिए बेहद खास होता है। ईसा मसीह को शुक्रवार के दिन ही सूली पर चढ़ाया गया था, जिसे आज दुनिया भर के ईसाई गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं। यह दिन पर यीशु मसीह की पीड़ा और मानव जाति के लिए उनके बलिदान को याद करने का समय है। गुड फ्राइडे को दुख, तपस्या और उपवास का दिन माना जाता है। इस दिन कई ईसाई समुदायों में, गुड फ्राइडे की सेवाएं चर्चों में आयोजित की जाती हैं। इस दौरान यीशु के सूली पर चढ़ने को पाठ, भजन और प्रार्थनाओं के जरिए याद किया जाता है। इसके अलावा इन सेवाओं में अक्सर जीजस की पैशन स्टोरी का भी पाठ शामिल किया जाता है, जिसमें यीशु के बलिदान के साथ-साथ सूली पर उनके आखिरी शब्दों का वर्णन किया जाता है। वहीं, कुछ ईसाई गुड फ्राइडे पर प्रायश्चित के लिए उपवास या नॉनवेज से परहेज भी करते हैं। इस भावनात्मक आयोजन ने पूरे दल्लीराजहरा शहर को ईसा मसीह की शिक्षाओं की ओर एक बार फिर प्रेरित किया।

# सर्व नाई सेन समाज की नई कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

सर्व नाई सेन समाज छत्तीसगढ़ प्रांत पंजीयन क्रमांक 82 से संबद्ध जिला दुर्ग नाई सेन समाज अध्यक्ष श्री भिखम सेन जी के दिशा निर्देश पर श्री तोष कुमार सेन जी दुर्ग ग्रामीण दक्षिण ब्लांक संगठन संयोजक के नेतृत्व पर चुनाव अधिकारी आकाश सेन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, द्वारा दुर्ग जिला के चौथे ब्लाक इकाई चुनाव के रूप में दुर्ग ग्रामीण दक्षिण ब्लांक का चुनाव ग्राम चिंगरी के मंगल भवन में सफलता पुर्वक शांति रुप से चुनाव सम्पन्न कराया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सुर्यकांत भारतद्वाज (सुरज सेन), उपाध्यक्ष दीपक कुमार सेन,नेमान श्रीवास, सचिव नंदकुमार सेन कौशिक जी नामांकन फार्म जमा किया,सह सचिव पद रिक्त हैं तथा सभी चारों पदो पर एक नमंकान आने कारण मनोनीत रुप से निर्वाचित घोषित हुए ब्लाक अध्यक्ष सुर्यकांत भारतद्वाज (सुरज सेन ,(चिंगरी) है उपाध्यक्ष दीपक कुमार सेन (भोथली) कोषाध्यक्ष नेमान सेन (थौनोद) सचिव नंदकुमार सेन (भरदा) उपस्थित एवं सक्रियता सहयोग से निर्वाचन सम्पन्न कराया गया है, अध्यक्ष श्री भीखम सेन जिला दुर्ग उपाध्यक्ष श्री बलेश्वर सेन जिला सह सचिव श्री मंथीर सेन जिला दुर्ग,अध्यक्ष संतोष सेन सेलुन संघ जिला दुर्ग चन्दु सेन सक्रिय सदस्य जिला दुर्ग द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए समस्त जिला दुर्ग की ओर से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं समस्त दुर्ग ग्रामीण दक्षिण ब्लाक का निर्वाचित पदाधिकारियों को तथा हमारे महिला समाज के लिए सामाजिक परिचय के मिशाल सक्रियता दिखाते हुए माताऐं , बहने दुर्ग ग्रामीण दक्षिण ब्लाक में लगभग 35 सक्रिय महिला पुनम भारद्वाज, दीप बाई सेन, खिलेश्वरी भारतद्वाज, नंदनी सेन, गीता, मनीष सेन, सवित्री,भारतद्वाज,हिलेश्वरी सेन आदि उपस्थित रहे।

# आवास के लिए सर्वेक्षण, छूटे परिवारों को जोड़ा जा रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है आवास सर्वेक्षण दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के क्षेत्र ग्राम अंडा में मोर आवास प्लस टू का सर्वेक्षण कार्यक्रम मोर द्वारा साय सरकार आवास प्लस टू सर्वेक्षण का काम चल रहा है इसी के अंतर्गत दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर छुटे हुए परिवारों को ऐप के माध्यम से जोड़ रहे हैं और हितग्राहियों से निवेदन कर रहे हैं कि कोई भी हितग्राही योजना से वंचित न रहे कांग्रेस की सरकार में आवास योजना को बंद कर दिया गया था जिसका नतीजा आज ग्रामीण जन को भुगतना पड़ रहा है अब समय और सरकार बदल चुका है ।

इस अवसर पर नोहर चंद्राकर कंप्यूटर आपरेटर, प्रशांत साहु लगे हुए हैं अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है सभी हितग्राही आवास योजना का लाभ ले सकेंगे इसके सभी को मोबाइल के माध्यम से आवास प्लस टू ऐप में जाकर अपना खुद का रजिस्ट्रेशन खुद करवा सकते हैं बचे हुए हितग्राहियों को घर घर जाकर जोडा जाएगा जो 30 अप्रैल तक चलेगा।

**कथा रोज सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगी**

# तहसील साहू सदन ग्राम कोलिहामार में कल से 3 दिवसीय श्री कथा ज्ञान यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



श्री कथा ज्ञान यज्ञ आयोजको द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिण पीठ–नाणीजधाम महाराष्ट्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्थित उपपीठ के पीठ प्रमुख अभिशेक माहेश्वरी ने प्रेस वार्ता ली जिसमे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा संहित संस्थान के प्रदेश व जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। जिसमे छत्तीसगढ़ में जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिण पीठ–नाणीजधाम महाराष्ट्र श्री की प्रेरणा से पुण्यप्रद श्री कथा ज्ञान यज्ञ 20, 21, 22 अप्रैल को तहसील साहू सदन कोलिहामार गुरूर बालोद में आयोजित है। यह कथा ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से संध्या 6 बजे तक रहेगा।

श्री कथा में जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज द्वारा रचित श्री लीलामृत ग्रंथ जो 18 पुराण, 6 शास्त्र का सार है, जिसका सारगर्भित कथा प्रवचन का लाभ सभी भक्त लेंगे। इस कलिकाल में हमारे पास समय का बहुत अभाव है जिसके वजह से आज हम हमारे वैदिक पुराण, शास्त्र एवं ग्रंथों के पारायण चिंतन मनन हेतु समय चाहते हुए भी नहीं निकाल पाते इसलिए वर्तमान समय के इस परिस्थिति को देखते हुए। जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज श्री ने श्री लीलामृत ग्रंथ की रचना की और समस्त पुराण और शास्त्रें को सारगर्भित रूप से 21 अध्यायों का रूप दिया है जिसका रसपान सभी भक्त तीन दिवसीय कथा में करेंगे और साथ ही कथा में जगद्गुरु श्री की सिद्ध चरण पादुकाओं का भी आगमन होगा जिसका दर्शन सभी भक्त तीन दिवसीय कथा के दौरान ले सकेंगे। पादुकाओं के दर्शन से भक्तों के अंतःकरण में सात्विक शक्ति का संचार होगा। इस श्री कथा ज्ञान यज्ञ में प्रवचन, रासलीला, भजन, प्रसादी भंडारा, नामदान दीक्षा का कार्यक्रम रखा गया है। इस युग में अच्छी शिक्षा होने के बाद भी लोग आध्यत्म से दूर होते जा रहे है, इसलिए आज लोगो के जीवन में सर्व सुविधा होकर भी आज जीवन में प्रेम,शांति,आनंद और ज्ञान की कमी दिखाई देती है। मनुष्य सिर्फ विज्ञान के सहारे जीने के प्रयास में है, विज्ञान में अत्यंत मुलभुत अंग है जीवन का पर मनःशांति अध्यात्म के बिना संभव नहीं है। जगद्गुरुश्री अपने प्रवचनों और मार्गदर्शन के माध्यम से सम्पूर्ण जनमानस को भक्ति का महत्व समझाते है। जगद्गुरु श्री कहते है आज मनुष्य के अंतरमन और बहिरमन एकाग्र नहीं होने के वजह से मनुष्य स्वयं को दुःख से घिरा हुआ पाता है।मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार–बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है।

मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति–भांति के कार्य करवाता है। इस अमृतमय और महामंगल श्री कथा ज्ञान यज्ञ समोराह में आपश्री सहपरिवार उपस्थित होकर जगद्गुरुश्री के पादुकाओं का शुभाशीर्वाद एवं कथा प्रवचन का लाभ अवश्य ले, स्व स्वरुप संप्रदाय बालोद छत्तीसगढ़ के समस्त भक्तो की ओर से समस्त छत्तीसगढ़ के लोगो के आत्मीय आमंत्रण है। छत्तीसगढ़ पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, उप पीठ प्रमुख मुन्ना लाल मोटघरे, पीठ व्यवस्थापक सुधीर पवार, बालोद जिला निरीक्षक मेघराज निबद्धे, बालोद जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर साहू, जिलाध्यक्ष स्व–स्वरूप संप्रदाय बालोद उपस्थित थे।

### 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

**कोलेगांव।** ग्राम कारीमाटी 18 से 28 अप्रैल तक 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ की गई वही नगर भ्रमण कर माताओं व बहनों द्वारा विशाल शोभा यात्रा रैली निकाली गई। 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन से ग्राम कारीमाटी सहित आसपास के क्षेत्रवासियो में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। जिसमें पं जगकुमार शास्त्री महाराज, आचार्य भारतीय सेवा सिपाही वाले द्वारा यज्ञ संपन्न होंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बारिश से पूर्व बिजली विभाग मेंटनेंस में जुटा





**दल्लीराजहरा।** आगामी भीषण गर्मी और बरसात के मौसम को देखते हुए, दल्लीराजहरा विद्युत विभाग द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। यह कार्य उपभोक्ताओं को निर्बाध और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

विद्युत विभाग अधिकारी सुनील ठाकुर ने बताया कि ट्रांसफार्मरों की जांच, जर्जर तारों की मरम्मत, पोलों की मजबूती और आवश्यक उपकरणों का परीक्षण आदि कार्य प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं। गर्मी और बारिश में बढ़ने वाली बिजली की मांग तथा तकनीकी समस्याओं से निपटने के लिए विभाग पूरी तैयारी में जुटा है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और कहा कि समय रहते की गई यह तैयारी आने वाले मौसम में बिजली से जुड़ी परेशानियों को काफी हद तक कम कर सकती है। विद्युत विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है तथा किसी भी असुविधा की स्थिति में तुरंत सूचना देने का अनुरोध किया है।दल्लीराजहरा विद्युत विभाग का यह कदम न केवल उनके तकनीकी दायित्व का हिस्सा है, बल्कि यह उपभोक्ता हित में उठाया गया एक सकारात्मक और दूरदर्शी प्रयास भी है।



नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025, 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411